कार्यालय आयुक्त, संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश
(म.प्र. शासन, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग)
पूर्व खण्ड, चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल 462004
दूरभाष 0755-2576751, ई-मेल आईडी- ctemp.bpl@mp.gov.in, dte5.planning @mp.gov.in

क्रमांक/ दिनांक / /2025

शास. पॉली. आगर-मालवा
आवक क्र 84
दिनांक 31-01-25
विभाग

प्रति,

**समस्त प्राचार्य ,**
**शासकीय /स्वशासी /अनुदान प्राप्त**
**इंजीनियरिंग / पॉलिटेक्निक संस्थाएं**
**मध्यप्रदेश**

**विषय :** **HUNAR initiative** (महिलाओं के लिए कौशल विकास एवं आर्थिक सशक्तिकरण ) के अंतर्गत नोडल अधिकारी नियुक्त किये जाने जाने विषयक।

***

तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अन्तर्गत **HUNAR initiative** के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके कौशल विकास के माध्यम से आर्थिक, सामाजिक और व्यक्तिगत रूप से सक्षम बनाना है। इस पहल के तहत, महिलाओं को प्रशिक्षण, संसाधन और अवसर प्रदान किए जाएंगे, ताकि वे अपने परिवार और समुदाय में आत्मनिर्भरता और समृद्धि ला सकें।

कृपया उक्त HUNAR initiative अंतर्गत संस्था स्तर पर **1 Male and 1 Female** नोडल अधिकारी तत्काल नियुक्त करने का कष्ट करें | उक्त के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश की ओर से नोडल अधिकारी **श्री सुणीत सिजारिया**, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, ( **मो. न. 9755134268**) से समन्वय करें।

**[ प्रो. (डॉ.) वीरेन्द्र कुमार ]**
संचालक
संचालनालय तकनीकी शिक्षा,
मध्यप्रदेश

पृष्ठांकन क्रमांक/ दिनांक / /2025

**प्रतिलिपिः-**

1. निज सहायक, सचिव, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित ।
2. निज सहायक, आयुक्त तकनीकी शिक्षा, संचालनालय तकनीकी शिक्षा, भोपाल।

संचालक
संचालनालय तकनीकी शिक्षा,
मध्यप्रदेश

Signed by Veerendra Kumar
Date: 30-01-2025 10:09:01

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आगर

आर.टी.ओ. कार्यालय के पास उज्जैन रोड आगर–मालवा (म.प्र.) 465441

E-MAIL :- prinpoly.agm@mp.gov.in

कमांक / शापोमआ–मा / स्था. / 2025 / 325 आगर, दि. – 02 / 04 / 2025

## / /आदेश/ /

संस्था में तकनीकी शिक्षा प्रमुख एवं संयुक्त संचालक के पत्र कं / 02 / राज / ए / 2025 / 63 भोपाल दिनांक **30 / 01 / 2025** के पत्रानुसार HUNAR INITIATIVE के अंतर्गत AICTE MODEL CURRICULUM में प्रस्तावित शिक्षा में मानवीय मूल्य हेतु ऑनलाइन FDP UHV-I –II 14/04/2025 से **18 / 04 / 2025** (अंग्रेजी माध्यम) और **21 / 04 / 2025** से **25 / 04 / 2025** (हिन्दी माध्यम) में रोज समय–सुबह **09:30** बजे से सायंकाल **05:00** बजे तक आयोजित की जा रही है ।

अतः निम्नलिखित व्याख्यातागण एवं विद्यार्थियों का उक्त FDP की रजिस्टरर्ड लिंक **https://fdp-si.aicte-india.org/verifiedProgramDetailsList.php** पर रजिस्टर कर अधोहस्ताक्षरकर्ता को जानकारी देंवे।

| स. कं. | अधिकारी का नाम | पद / विभाग |
|---|---|---|
| 1 | डॉ. हितेन्द्र सिंह तोमर | व. व्या. रसायन शास्त्र ह्युमिनिटिस |
| 2 | डॉ. मनीषा शर्मा | व. व्या. अंग्रेजी ह्युमिनिटिस / सिविल |
| 3 | डॉ. धुर्वेद्र कुमार चौऋषि | व. व्या. कम्प्युटर साईंस ईजी. |
| 4 | श्रीमति मयुरशिखा पंचोली | व. व्या. मैकेनिकल |
| 5 | श्री प्रताप सिंह कटारा | व. व्या. ई.टी. ईजी. |
| 6 | श्रीमति रीना राजावत | अतिथि व्या. गणित ह्युमिनिटिस |
| 7 | श्रीमति मेघा जायसवाल | अतिथि व्या. सिविल |
| 8 | श्री धर्मेंद्र सिह यादव | अतिथि व्या. मैकेनिकल |
| 9 | कु. अदिति गुप्ता | अतिथि व्या. ई.टी. ईजी. |
| 10 | श्रीमति शीतल जैन | अ. व्या. कम्प्युटर साईंस ईजी. |

प्राचार्य

शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय

आगर–मालवा (म.प्र.)

तकनीकी शिक्षा, और कौिल विकास रोजगार विभाग मध्य प्रदेि िासन की नीन पहल के अंतगगत हुनर ब ंदुओं के आधार पर महहला और युिततयों के कौिल विकास के शलए संस्था में तनरंतर कायग संपाहदत ककए जा रहे हैं। संस्था में महहलाओं और युिततयों के शलए विििेष प्रशिक्षण कायगक्रम आयोजजत ककया जा रहे हैं । जजससे कक महहलाओं को आत्मतनभगर नाया जा सके। संस्था में संभाग और राज्य स्तर पर विशभन्न प्रोजेक्ट और खेल प्रततयोगगता में ेहतर प्रदिगन देने िाली छात्राओं को सम्मातनत ककया जा रहा है। जजससे कक उनके आत्मविश्िास को ढाया जा सके।

| S.No. | Programme Name | Sponsored by /Teachers | Programme Conducting Date | Participate |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **Green hydrogen Junior Technician, Training programme** | **SCGJ, New Delhi** | **07/02/2025 To 01/04/2025** | **30 Students** |
| **2** | **Green hydrogen Junior Technician, Training programme** | **SCGJ, New Delhi** | **01/03/2025 To 23/04/2025** | **30 Students** |
| **3** | **Suryamitra skill development Programme** | **NISE, New Delhi** | **25/11/2024 To 25/02/2025** | **30 Students** |
| **4** | **Construction Material Testing** | **GPC, Agar** | **01/04/2025 To 02/04/2025** | **30 Students** |
| **5** | **Project code computer on demand Education** | **GPC, Agar** | **01/04/2025 To 15/05/2025** | **30 Students** |
| **6** | Drone pannel | Ms. Aditi Gupta , Mrs. Sheetal Gupta | 28-04-2025 | |
| **7** | Fabric painting | Ms. Manisha Sharma | 03-05-2025 | |
| **8** | Expert lecture and Hair cut Training | Ms. M.S. Pancholi | 08-05-2025 | |
| **9** | Clay Modeling | Ms. Manisha Sharma | 09-05-2025 | |
| **10** | Seed Balls Making | Ms. Manisha Sharma, Ms. M.S. Pancholi | 23-05-2025 | |




Date : 08/05/2025 Under HUNER




Date 09/05/2015 Clay moulding and fabric Painting

पत्रिका

शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज तथा शासकीय कन्या उमावि में लगा शिविर

# अधिकारियों ने विद्यार्थियों को साइबर व महिला अपराध के प्रति किया जागरूक

पत्रिका रक्षा कवच | अपराधों के विरुद्ध पत्रिका अभियान



सीएसपी पहुंचे स्कूल

07/12/2024 | Shajapur | Page : 2

Source : https://epaper.patrika.com/

➢

An awareness program on Cyber and Women Crimes (Hum Honge Kamyab) was organized by SP Nisha Reddy at the Govt.Polytechnic College Agar –Malwa on 06/12/2024.

दैनिक भास्कर शाजापुर 06-01-2025

दैनिक भास्कर

# पॉलीटेक्निक की छात्रा ने संभाग स्तरीय युवा उत्सव में जीता रजत पदक



पदक प्राप्त करते हुए।

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा की छात्रा कल्पना गवली ने 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में संभाग स्तर पर एकल विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल कल्पना के लिए, बल्कि पूरे महाविद्यालय और आगर मालवा जिले के लिए गर्व की बात है। यह संभाग स्तरीय प्रतियोगिता माधव साइंस कॉलेज उज्जैन में आयोजित कि गई।

संभाग स्तरीय युवा उत्सव पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा की छात्रा कल्पना गवली ने एकल विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में, रोशन गवली ने कहानी लेखन प्रतियोगिता में, दिव्यांशी चंद्रावत, निव्या दीक्षित, केशवी परमार, पायल आर्य, नीतु गवली, शिवम चौहान, सुमित सूर्यवंशी, अमान खान, अंशुल सिसोदिया तथा विशाल परमार ने नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। नृत्य प्रतियोगिता में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुति दी। कल्पना शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा में सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट की छात्रा है। कल्पना ने अपने मॉडल के बारे में बताया कि यह मॉडल हॉस्टल के अनुपयोगी, डिटर्जेंट युक्त जल को उपयोगी बनाकर सिंचाई के काम लेने के लिए बनाया गया है। इस मॉडल में सौर ऊर्जा के माध्यम से अनुपयोगी जल को उर्वरक युक्त उपयोगी जल में बदलने के लिए मोटर का उपयोग किया गया है। कल्पना की इस उपलब्धि पर पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के शिक्षक, परिवार के सदस्य और साथियों ने हर्ष व्यक्त किया। उन्हें आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो भोपाल में 6 जनवरी को आयोजित होने वाली है के लिए बधाई दी। जानकारी संस्था के प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने दी।

➢ The student of our institution, Kalpana Gawli, secured the second position in the individual science model competition and was selected to participate in the state-level competition in Bhopal

➢

दैनिक भास्कर शाजापुर 02-03-2025

# एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में रोजगार की दी जानकारी



एक दिवसीय महिला सशक्तिकरण प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थी व अन्य।

भास्कर संवाददाता | आगर-मालवा

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में हुनर इनोवेटिव कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय महिला सशक्तिकरण से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेष अतिथि प्रोफेशनल ब्यूटीशियन सोनिया अग्रवाल एवं स्किल इंडिया सेंट्रल मैनेजर ममता बिरथरे ने छात्राओं एवं महिला व्याख्याताओं को अपने क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न अवसरों के लिए प्रशिक्षण एवं व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें अपने क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। सोनिया अग्रवाल और ममता बिरथरे ने अपने अनुभव और ज्ञान साझा कर छात्राओं और महिला व्याख्याताओं को प्रेरित किया। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हिरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं और महिला व्याख्याताओं ने अपने क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त की और अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित हुईं। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय से मैकेनिकल विभाग अध्यक्ष मयूर शिखा पंचोली, रीना राजावत, मेघा जायसवाल, अदिति गुप्ता, दीपिका परमार, एकता जादौन, सीमा रावल तथा शीतल जैन मौजूद रहे।

➢ A one-day professional beautician course related to women's empowerment was organized by beautician Mrs. Monica Agarwal on 01/03/2025.

दैनिक भास्कर
शाजापुर 29-04-2025

# विद्यार्थियों को वीडियोग्राफी व ड्रोन संचालन का दिया प्रशिक्षण




आगर मालवा | शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में एम्बरेसिंग स्किल इनिशिएटिव के अंतर्गत सोमवार को विद्यार्थियों को वीडियोग्राफी एवं ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य डॉ. हिर्तेंद्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में दिए गए इस प्रशिक्षण कार्यशाला में फोटोग्राफर द्वारा विद्यार्थियों को वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी तथा ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने कैमरा संचालन, प्रकाश व्यवस्था, विषय चयन, ड्रोन उड़ान तकनीक तथा वीडियोग्राफी के व्यावहारिक पहलुओं को सीखा। गोविंद कुंभकार ने विद्यार्थियों को डिजिटल युग में इन तकनीकी कौशलों के महत्व तथा संभावनाओं के बारे में भी मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के दौरान महाविद्यालय के व्याख्याता मयुरशिखा पंचोली, शीतल जैन, अदिति गुप्ता, रीना राजावत एवं रविंद्र सोनी भी मौजूद रहे।

Date 28/04/2015

दैनिक भास्कर
शाजापुर 10-05-2025

# एक दिवसीय कार्यशाला में पेंटिंग की तकनीकों का दिया प्रशिक्षण




प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान विद्यार्थी व अन्य।

आगर मालवा | शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर में हुनर एवं एम्बेसिंग स्किल के अंतर्गत एक दिवसीय क्ले आर्ट एवं फैब्रिक पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया।

कार्यशाला में प्रशिक्षु हर्षिता भटनागर ने विद्यार्थियों को क्ले आर्ट और फैब्रिक पेंटिंग की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। प्राचार्य डॉ. हिर्तेंद्र सिंह तोमर ने कार्यशाला को विद्यार्थियों के कलात्मक विकास में सहायक बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता को विकसित करने और नई कलात्मक तकनीकों को सीखने का अवसर प्रदान करती हैं। कार्यक्रम में संस्था के डॉ. मनीषा शर्मा, रीना राजावत और शीतल जैन में मौजूद रहे। कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी कलात्मक क्षमताओं को विकसित करने और नए कौशल सीखने का अवसर मिला।

आज दिनांक 23/05/25 को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आगर - मालवा में  हुनर इनिशिएटिव के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत डॉक्टर मनीषा शर्मा ने विद्यार्थियों को पौधों को दूर दराज़ के स्थानों पर उगाने  के लिए सीट बॉल्स बनाने के तरीके प्ले व फन मेथड में सिखाया । जिससे हम अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पेड़ उग सके।  इस कार्यशाला में श्री अनिल पाटीदार ने भी अपना सहयोग दिया।इस प्रकार की कार्यशाला को विद्यार्थियों द्वारा बहुत ही उत्साहित होकर  भाग लिया गया। संस्था प्राचार्य डॉ हितेंद्र सिंह तोमर द्वारा इस तरह की कार्यशालाओं को उत्साहित करते हुए आने वाले समय में और प्रशिक्षण का आयोजन करने के निर्देश दिए गए।




Date 23/05/2025



Date 28/04/2025 training of Video Graphy and Drone Technique

Date :                                                                   Under HUNER

